4.3 भूमि उपयोग के पैटर्न –

भू–उपयोग की दृष्टि से टोंक जिलें में कार्यशील सीमान्त भू–जोतों की संख्या 50,392, लघु जोतों की संख्या 37,628 और अर्द्ध मध्यम जोतों की संख्या 39,946 है। इस जिलें में भू–जोतों की कुल संख्या 1,69,481 है, जिनका कुल क्षेत्र 5,18,773 हेक्टेयर है। 2001 में टोंक जिलें में जोतों का औसत आकार 3.06 हेक्टेयर रहा है। जिसमें 1995–96 की तुलना में 9.73 प्रतिशत की कमी आई है। टोंक जिलें का कुल क्षेत्रफल 7,17,958 हेक्टेयर है जिसमें 27,048 हेक्टेयर में वन है जो कुल क्षैत्र का 3.77 प्रतिशत है। स्थाई चारागाहों में 42,690 हेक्टेयर भूमि प्रयुक्त होती है जो कुल क्षैत्र का 5.25 प्रतिशत है। टोंक जिलें में भू–जोतों का वितरण असमान है। एक ओर ऐसे किसान हैं जिनके पास सैकड़ों बीघा भूमि है तो दूसरी ओर बड़ी संख्या में भूमिहीन एवं लघु/सीमान्त कृषक परिवार पाये जाते है। जिलें में भूमि उपयोग की स्थिति का विवरण तालिका संख्या 4.1 में दर्शाया गया है।

rkfydk l- 4-1

ftyk e Hkfe mi;ksx dk fooj.k

क्र. सं.	भूमि का प्रकार	2001–02	2002–03	2003–04	2004–05	कुल क्षेत्र का प्रतिशत
1	कुल भौगोलिक क्षेत्र	717960	717960	717958	717958	100
2	वन	26048	26915	26944	27048	3.77
3	कृषि अयोग्य भूमि	43725	30752	100809	29233	4.07
4	स्थायी चारागाह एवं गोचर भूमि	44095	44453	43511	42690	5.95
5	वृक्षों के झुण्ड एवं बाग	119	148	112	147	0.02
6	बंजर कृषि योग्य भूमि	45611	46921	45486	43836	6.11
7	अन्य पड़त भूमि	45277	61593	41137	29967	4.17
8	चालू पड़त भूमि	86000	124102	30537	31025	4.32
9	वास्तविक बोया गया क्षेत्र	397385	340752	456366	466164	64.93
10	दुपज क्षेत्र	70010	32187	93424	129375	18.02
11	बोया गया कुल क्षेत्रफल (9+10)	397385	372939	549790	595539	82.95

(स्रोत– कार्यालय जिला सांख्यिकी अधिकारी)

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जिलें में शुद्ध रूप से बोये गये क्षेत्रफल का प्रतिशत 64.93 है। तथा दुपज क्षेत्र मात्र 18.02 प्रतिशत है, जिसका मुख्य कारण सिंचाई साधनों का अभाव है। इसी प्रकार जिलें में वन क्षेत्र भी 3.77 प्रतिशत है जिससे जिलें की अर्थव्यवस्था में वन उत्पादों का योगदान भी नगण्य है।

4-4 Hk& l/kkjk dk iHkko ¼&

टोंक जिले में भू–सुधारों की प्रक्रिया के अन्तर्गत किसानों को भू–स्वामी बना दिया गया है। उपविभाजन व अपखण्डन की समस्यायें बहुत देखने को मिलती है। सीमा निर्धारण की दिशा में उचित कदम न उठ पाने के कारण जोत के आकार में विषमतायें पाई जाती है। जहाँ तक टोंक जिलें में भू–सुधारों की प्रगति का सवाल है यहां यह प्रगति नही के बराबर हुई है। चकबन्दी की प्रक्रिया गतिशील नहीं हो पाई है।

4-5 df"k fofof/kdj.k ¼df"k dk orieku Lo:i vkj gky gh e g, Qly cnyko dh fLFkfr½ & कृषि ग्रामीण क्षेत्रो में आजीविका का मुख्य साधन है। जिलें में लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या मुख्य रूप से कृषि व कृषि मजदूरी पर निर्भर रहती है। इस प्रकार कृषि की उत्पादकता व कृषि उत्पादन लोगो की आजीविका से जुडा हुआ विषय है।

जलवायु की दृष्टि से टोंक जिला जोन III ए अर्द्ध शुष्क पूर्वी मैदानी क्षेत्र में आता है। इस क्षेत्र में असामान्य मानसून एवं वर्षा के असमान वितरण की प्रमुख समस्या है जिससे वर्षा पोषित फसलों की उत्पादकता कम व अस्थिर रहती है। जिलें का औसतन न्यूनतम तापमान 7^0 सेन्टीग्रेड तथा अधिकतम 46^0 सेन्टीग्रेड है। जिलें में औसतन 559.5 मि.मी. वार्षिक वर्षा होती है।

जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 7,17,958 हैक्टर है, जिसमें से कृषि योग्य भूमि 4,75,240 हैक्टर है जो भौगोलिक क्षेत्रफल का 66 प्रतिशत है। खरीफ में औसत बुवाई क्षेत्रफल 2,63,456 हैक्टर तथा रबी में 2,91,881 हैक्टर रहता है। जिले में रबी में मुख्य रूप से सरसों, गेहूँ, चना, जौ व तारामीरा तथा खरीफ में ज्वार, बाजरा, मूंग, मक्का, मूंगफली व तिल की बुवाई की जाती है। जिलें में रबी एवं खरीफ में बोये गये क्षेत्रफल एवं फसलवार उत्पादन की पिछले वर्षो की प्रवृत्ति (Trend) को तालिका संख्या 4.2 एवं 4.3 में दर्शाया गया है।

तालिका सं. 4.2

fty e o"k 2000&01 l 2007&08 rd d mRiknu ,o ck; x; {k=Qy dk fooj.k

[kjhQ

¼{k=Qy gDV;j ,o उत्पादन टन e½

क्र.स.	वर्ष	2000 –01		2001 –02		2002 –03		2003 –04		2004 –05		2005 –06		2006 –07		2007–08	
	फसलें	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन
1	अनाज	132975	41802	126915	55149	150526	25740	209377	211632	109408	86259	129329	66203	139392	78212	157903	136777
2	दलहन	68886	22951	71197	17122	95663	5786	102323	53003	61779	19354	61165	13386	43820	13252	70989	30253
3	तिलहन	23389	10227	32015	15317	38151	957	21973	14826	37143	17246	28304	16705	23632	4425	28402	13883
4	अन्य	33781	17404	17822	17810	8069	4268	12455	14821	4759	7303	5709	11472	4317	8956	6554	6532
;kx		259031	92384	247949	105398	292409	36751	346128	294282	213089	130162	224507	107766	211161	104845	263848	187445

(स्त्रोत – उप निदेशक, कृषि विस्तार)

तालिका सं. 4.3

fty e o"k 2000&2001 l 2007&08 rd d mRiknu ,o ck; x; {k=Qy dk fooj.k

jch

¼{k=Qy gDV;j ,o mRiknu Vu e½

क्र.	वर्ष	2000 –01		2001 –02		2002 –03		2003 –04		2004 –05		2005 –06		2006 –07		2007–08	
स.	फसलें	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन
1	अनाज	78846	121859	66049	136271	46026	90016	53423	138343	65923	179012	59274	148965	67604	171518	75296	180620
2	दलहन	32429	15129	25326	17453	2781	1903	31959	17713	25259	18322	13850	7687	6759	4998	10112	6900
3	तिलहन	106717	77627	101652	62936	12608	11415	98191	91813	274663	263326	297014	298314	180787	146694	168327	134500
4	अन्य	5335	3165	11787	5359	4762	1394	4717	2919	2455	1875	1104	738	2372	984	6794	2400
;kx		223327	217780	204814	222019	66177	104728	188290	250788	368300	462535	371242	455704	257522	324194	260529	324420

(स्त्रोत – उप निदेशक, कृषि विस्तार)

तालिका सं. 4.4

[kjhQ o jch dh Qlyk dk o"k 2000&01 ls 2007&08 rd dy mRiknu@{k=Qy dk fooj.k

½{k=Qy gDV;j ,o mRiknu Vu e½

क्र.	वर्ष	2000 –01		2001 –02		2002 –03		2003 –04		2004 –05		2005 –06		2006 –07		2007–08	
स.	फसलें	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन
1	अनाज	211821	163661	192964	191420	196552	115756	262800	349975	175331	265271	188603	215168	206996	249730	233199	316997
2	दलहन	101315	38080	96523	34575	98444	7689	134282	70716	87038	37676	75015	21073	50579	18250	81101	37153
3	तिलहन	130106	87854	133667	78253	50759	12372	120164	106639	311806	280572	325318	315019	204419	151119	196729	148383
4	अन्य	39116	20569	29609	23169	12831	5662	17172	17740	7214	9178	6813	12210	6689	9940	13348	8932
;kx		482358	310164	452763	327417	358586	141479	534418	320070	581389	592697	595749	563470	468683	429039	524377	511865

(स्त्रोत – उप निदेशक, कृषि विस्तार)

जिलें मे कुल बोये गये क्षेत्रफल की वर्षवार स्थिति (हेक्टेयर) –



(स्त्रोत – उप निदेशक, कृषि विस्तार)

उपरोक्त तालिका सं. 4.4 एवं ग्राफ चार्ट से स्पष्ट होता है कि जिले में वर्ष 2000–01 से 2007–08 के वर्षो में बोये गये क्षैत्रफल में काफी उतार – चढाव आया है इससे यह प्रमाणित होता है कि टोंक जिलें की कृषि पूर्ण रूप से मानसून पर निर्भर है। वर्ष 2004–05 व 2005–06 में जिले में मानसून की अच्छी स्थिति के कारण बुआई का क्षेत्रफल अधिकतम रहा है। ग्राफ चार्ट से स्पष्ट हो रहा है कि वर्ष 2003–04 से तिलहन के क्षैत्रफल में निरन्तर वृद्धि हुई है अर्थात किसानों का नकदी/व्यावसायिक फसलों की ओर रुझान बढ़ा है।

जिलें मे कुल उत्पादन की वर्षवार स्थिति (टन) –



(स्त्रोत – उप निदेशक, कृषि विस्तार)

उपरोक्त तालिका सं. 4.4 एवं ग्राफ चार्ट से स्पष्ट होता है कि जिले में वर्ष 2000–01 से 2007–08 के वर्षो में कुल कृषि उत्पादन में निरन्तर वृद्धि हुई है जहां 2000–01 में कुल उत्पादन 3,10,164 टन था वही 2007–08 में यह बढकर 5,11,865 टन हो गया है। इसी प्रकार अनाज एवं तिलहन के उत्पादन में भी वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2003–04 से तिलहन एवं अनाज के उत्पादन में निरन्तर वृद्धि हुई है अर्थात किसानों का नकदी/खाद्यान फसलो की ओर रुझान बढ़ा है।

4.6 सिंचाई का प्रभाव :–

जिलें में बीसलपुर बांध के निर्माण फलस्वरूप सिंचित क्षेत्र में वृद्वि हुई है, नीचे दी गई तालिका सख्या 4.5 से स्पष्ट है कि वर्ष 2000–01 में सिंचित क्षेत्र जो 7583 हैक्टर था, बढ़कर 2007–08 में 2,17,378 हैक्टर हो गया हैं। सिंचित क्षेत्र बढ़ने से जिलें में गेहूं, सरसों एवं उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र एवं उत्पादकता में वृद्वि हुई है। इसी प्रकार सिंचाई उपलब्ध होने से हरा चारा उत्पादन में वृद्धि से दुग्ध उत्पादन, पशुधन संवर्धन भी हुआ है। इस प्रकार कृषकों की आजीविका एवं आमदनी में वृद्धि के कारण पारिवारिक जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार हुआ है। जिलें में वर्तमान में कुछ बुवाई क्षेत्र के लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्र में ही सिंचाई हो पाती है, जिसके कारण दुपज क्षेत्र का प्रतिशत भी काफी कम है।

rkfydk l- 4-5

o"k 2000&01 l o"k 2007&08 dk fl fpr {k=Qy dk fooj.k

क्र॰सं॰	वर्ष	सिंचित क्षेत्र (है॰)
1	2000-01	7583
2	2001-02	6190
3	2002-03	75197
4	2003-04	131032
5	2004-05	232189
6	2005-06	233457
7	2006-07	196446
8	2007-08	217378

(स्त्रोत – उप निदेशक, कृषि विस्तार टोंक)

4.7 अन्य उपयोगों हेतु भूमि हस्तान्तरण :–

उपरोक्त तालिका सख्या 4.5 से स्पष्ट है कि जिलें में सिचिंत क्षेत्र में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन अभी भी कुल बोये गये क्षेत्र का लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्र ही सिचिंत हो पाता है। सिचांई की नवीन तकनीकों जैसे– फव्वारा, ड्रिप सिचांई, पाईप लाईन आदि के उपयोग को बढ़ावा देकर उपलब्ध सिंचाई जल से अधिक क्षेत्र सिंचित किया जा सकता है। टोंक जिलें में शहरीकरण एवं औद्योगिककरण की गति धीमी होने के कारण अन्य उपयोगों में भूमि का हस्तान्तरण अन्य विकसित जिलों की तुलना में कम हुआ है। अतः कृषि योग्य भूमि के रकबा में नगण्य परिवर्तन आया है।

4.8 आजीविका पर प्रभाव :–

टोंक जिलें में समुदाय की आजीविका मुख्यतः प्राथमिक क्षेत्र पर निर्भर है, जिसमें कृषि एवं पशुपालन प्रमुख है, द्वितीय स्तर पर कृषि मजदूरी एवं सेवा क्षेत्र आते हैं। फसलों से प्राप्त आय पर लघु व सीमान्त कृषकों की अधिक निर्भरता है। जिलें के कृषक परिवारों में प्रतिवर्ष कृषि आय का औसत 6945 रूपये है। सिंचाई एवं आधुनिक तकनीकी हस्तान्तरण से

कृषकों की आय में वृद्धि हो रही है। उद्यानिकी फसलें यथा आंवला, अमरूद, नींबू, फूलों की खेती, ग्रीन हाऊस तकनीकी, ड्रिप सिंचाई योजना, फव्वारा सिंचाई आदि नवीन तकनीक कृषि क्षेत्र में आजीविका संवर्धन में वरदान साबित हो रही है। कृषकों का नवीन तकनीकी के प्रति दिनों–दिन रूझान बढ़ रहा है। कृषि आजीविका संवर्धन हेतु विभाग द्वारा वर्मीकम्पोस्ट, बीज उत्पादन, उन्नत फसल उत्पादन तकनीक, फलोद्यान, आधुनिक कृषि यंत्र, सिंचाई संयंत्रों, मृदा स्वास्थ्य, कृषक भ्रमण इत्यादि गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

4.9 जिले में पशुपालन की स्थिति –

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के साथ–साथ पशुपालन भी आजीविका का एक मुख्य आधार है। गो वंश, भैस वंश के पशु मुख्य रूप से परिवार की अर्थव्यवस्था से जुड़े होते है। गाय, भैस से जहॉ दूध, घी, खाद आदि का उत्पादन होता है वहीं बकरी व भेड, ऊन, मांस, खाद आदि के उत्पादन में सहायक है। पशुधन के सहयोग से जिलें में लगभग 3.84 लाख लीटर दूध का प्रतिदिन उत्पादन होता है। दूध के बहत्तर उपयोग के लिए जिला दूग्ध उत्पादक सहकारी संघ के माध्यम से जिले में लगभग 250 दुग्ध सहकारी समितियां संचालित है, जिनमें हजारों सदस्य अपना दुग्ध व्यवसाय करते है। जिलें में आजीविका से जुड़े हुए पशुधन की वर्तमान स्थिति तालिका संख्या 4.6 में दर्शाई गई है।

तालिका सं. 4.6

जिलें में मुख्य पशुधन की स्थिति

क्र.स.	पशुधन	संख्या (2003)	संख्या (2007)	वृद्वि प्रतिशत
1	गौ वंश	219612	245946	11.99
2	भैस वंश	228914	309756	35.31
3	बकरी वंश	326656	397418	21.66
4	भेड वंश	225430	256154	13.62

(स्त्रोत – उप निदेशक, पशुपालन)

उपरोक्त तालिका सख्या 4.6 से स्पष्ट है कि वर्ष 2003 की तुलना में वर्ष 2007 में सभी वर्ग के पशुधन में वृद्वि हुई है, जो एक अच्छा संकेत है। सबसे अधिक वृद्वि भैस वंश में हुई है। जो दूध उत्पादन में वृद्वि का एक मुख्य आधार है। जिलें में ब्लॉकवार पशुधन की स्थिति को तालिका सख्या 4.7 में दर्शाया गया हैं।

तालिका सं. 4.7

जिलें में ब्लॉकवार पशुधन की स्थिति

क्र. स.	नाम ब्लाक	पशुधन वर्ग				योग	पशुधन घनत्व (प्र.व. किमी)
		गौ वंश	भैस वंश	बकरी वंश	भैड वंश		
1	टोंक	50838	81340	86470	46359	265007	193
2	निवाई	37628	46764	78138	59355	221885	216
3	देवली	43991	49481	62024	35732	191228	155
4	उनियारा	28246	44155	52892	16783	182076	144
5	मालपुरा	49646	48379	73230	67129	238384	242
6	टोंडारायसिंह	33515	39637	44664	30618	148434	152
योग		**243864**	**309756**	**397418**	**255976**	**1207014**	**170**

(स्त्रोत – उप निदेशक, पशुपालन)

जिले में उपलब्ध मुख्य पशुधन के बलॉकवार वितरण की उक्त तालिका संख्या 4.7 से स्पष्ट है कि ब्लॉक मालपुरा में पशुधन का प्रति वर्ग किमी घनत्व सबसे अधिक हैं जबकि इस दृष्टि से सबसे पिछड़ा हुआ ब्लॉक उनियारा है, जिसका पशुधन घनत्व 144 है। जिलें के औसत घनत्व से तुलना करे तो ब्लॉक देवली व टोडारायसिंह में जिलें के औसत घनत्व से भी कम पशुधन उपलब्ध है।

4.9.1 जिले में पशु चिकित्सा सुविधा की स्थिति :–

जिले में पशुघन की चिकित्सा सुविधा हेतु 42 पशु चिकित्सालय एवं 38 पशु चिकित्सा उप केन्द्र संचालित है। जिलें में 1 जिला रोग निदान प्रयोगशाला भी संचालित है। उपलब्ध चिकित्सा सुविधा का ब्लॉकवार विवरण तालिका सख्या 4.8 में दर्शाया गया हैं।

तालिका सं. 4.8

जिले में पशु चिकित्सा सुविधा का विवरण

क्र.स.	ब्लॉक	पशु चिकित्सालय			पशु उपकेन्द्र
		बहु उद्देश्य पशु चि0	प्रथम श्रेणी पशु चि0	पशु चि0	
1	टोंक	1	0	8	11
2	निवाई	0	1	5	4
3	देवली	0	1	7	9
4	मालपुरा	0	1	6	5
5	उनियारा	0	0	6	7
6	टोडारायसिंह	0	0	6	2
योग		**1**	**3**	**38**	**38**

(स्त्रोत – उप निदेशक, पशुपालन)

जिलें में उपरोक्त चिकित्सा केन्द्रों के माध्यम से पशुधन को चिकित्सा सुविधा के साथ–साथ कृत्रिम गर्भाधान सेवा भी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे जिले के पशुधन की नस्ल सुधार कर दूध उत्पादन में वृद्धि के प्रयास किये जा रहे है।

4.10 जिलें में कार्य की भागीदारी :–

जनगणना 2001 के अनुसार जिले में कुल कार्यशील जनसंख्या 5,32,682 है, जिसमें मुख्य कार्यशील जनसंख्या 4,25,230 एवं सीमान्त कार्यशील जनसंख्या 1,07,452 है। व्यवसायवार कार्यशील जनसंख्या एवं ब्लॉकवार कार्यशील जनसंख्या का विवरण तालिका संख्या 4.9 एवं 4.10 में दर्शाया गया है।

तालिका सं. 4.9

व्यवसायानुसार कार्यशील जनसंख्या का विवरण (वर्ष 2001)

क्र. स.	व्यवसाय का नाम	मुख्य कार्यशील जनसंख्या	सीमान्त कार्यशील जनसंख्या	योग	कुल कार्यशील जनसंख्या से प्रतिशत
1.	काश्तकार	262785	46428	309213	58.05
2.	खेतीहर मजदूर	22541	34220	56761	10.65
3.	पारिवारिक उद्योग	14928	4656	19584	3.68
4.	अन्य	124976	22148	147124	27.62
योग		**425230**	**107452**	**532682**	**100.00**

(स्त्रोत – सेन्सस 2001)

तालिका सं. 4.10

ब्लॉक वार कार्यशील जनसंख्या का विवरण (वर्ष 2001)

क्र.स.	ब्लाक/पंचायत समिति	कुल जनसंख्या	कुल कार्यशील जनसंख्या	ब्लॉकवार जनसंख्या में कार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत
1.	टोंक	340051	139130	40.91
2.	निवाई	203340	92127	45.30
3.	देवली	189297	87597	46.27
4.	उनियारा	143343	68180	47.56
5.	मालपुरा	204292	85588	41.89
6.	टोडारायसिंह	131348	60060	45.73
योग		**1211671**	**532682**	**43.96**

(स्त्रोत – सेन्सस 2001)



तालिका संख्या 4.9 से स्पष्ट है कि जिलें में कुल कार्यशील जनसंख्या 5,32,682 है जो कुल जनसंख्या का 43.96 प्रतिशत है। इसमें भी मुख्य कार्यशील जनसंख्या 4,25,230 है जो कुल जनसंख्या का 35.09 प्रतिशत है। जिलें में सीमान्त कार्यशील जनसंख्या 1,07,452 है जो कुल जनसंख्या का 8.09 प्रतिशत है। सीमान्त कार्यशील जनसंख्या एक चुनौती पूर्ण विषय है जिसको अतिरिक्त रोजगार के अवसरों का सृजन किया जा कर मुख्य कार्यशील जनसंख्या में परिवर्तित किया जा सकता है। इसमें जिलें में संचालित विभिन्न स्वरोजगार के कार्यक्रम एवं महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना सार्थक सिद्ध हो रहे है।

इसी प्रकार व्यावसायिक आधार पर देखा जाये तो जिलें में कुल कार्यशील जनसंख्या में लगभग 58 प्रतिशत काश्तकार एवं लगभग 11 प्रतिशत कृषि मजदूर है। पारिवारिक उद्योगों में मात्र 3.68 प्रतिशत कार्यशील जनसंख्या है जो जिले में लघु/कुटीर उद्योगों के पिछड़ेपन की स्थिति को दर्शाता है। जिलें की कुल कार्यशील जनसंख्या में 27.62 प्रतिशत जनसंख्या अन्य सेवा क्षैत्रों, व्यावसायिक संगठनों आदि में कार्यरत है।

जिलें की कार्यशील जनसंख्या में पुरूष एवं महिला का प्रतिशत क्रमशः 58 एवं 42 है। कुल कार्यशील जनसंख्या में पुरूषों की संख्या 3,08,685 एवं महिलाओं की संख्या 2,23,997 है।

4.11 शहरी विकास एवं शहरी आजीविका –

जिलें में 6 शहरी क्षेत्र है। जिसमें टोंक, निवाई, उनियारा, मालपुरा, देवली एवं टोंडारायसिंह है। जिलें में कुल शहरी जनसंख्या 2,53,168 है जो कुल जनसंख्या का 20.89 प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में साक्षरता का प्रतिशत 68.50 है जो ग्रामीण क्षेत्र के साक्षरता प्रतिशत 47.51 से काफी अधिक है।

इन शहरी क्षेत्रों के सम्पूर्ण विकास के लिए टोंक में नगर परिषद एवं अन्य शहरों मे नगर पलिकाएं कार्यरत है।

शहरी क्षेत्रों में कुल कार्यशील जनसंख्या 78,532 है जो कुल शहरी जनसंख्या का 31.02 प्रतिशत है। इसमें से मुख्य कार्यशील जनसंख्या 67,359 है जो कुल जनसंख्या का 28.64 प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में व्यावसायवार कार्यशील जनसंख्या को देखे तो लगभग 13 प्रतिशत जनसंख्या कृषि एवं कृषि मजदूरो में कार्यरत है, लगभग 11 प्रतिशत पारिवारिक उद्योगों में तथा लगभग 75 प्रतिशत अन्य सेवा क्षेत्रों तथा व्यापारिक गतिविधियों में कार्यरत है। इस प्रकार लघु/पारिवारिक उद्योगों की दृष्टि से शहरी क्षेत्र भी पिछड़ा हुआ है। शहरी क्षैत्रों में कार्यशील जनसंख्या का विवरण तालिका सख्या 4.11 में दर्शाया गया हैं।

शहरी क्षेत्रों में गरीबी की स्थिति देखे तो ज्ञात होता है कि शहरी क्षेत्रों में कुल 45,889 परिवारों में से 13,903 परिवार गरीबी रेखा से नीचे चिन्हित है। जो कुल परिवारों का 30.29 प्रतिशत है।

तालिका सं. 4.11

शहरी क्षैत्रों में कार्यशील जनसख्या का विवरण (वर्ष 2001)

क्र.स.	व्यवसाय का नाम	मुख्य कार्यशील जनसंख्या	सीमान्त कार्यशील जनसंख्या	योग	कुल कार्यशील जनसंख्या से प्रतिशत
1.	काश्तकार	6607	1170	7777	9.90
2.	खेतीहर मजदूर	1511	1136	2647	3.37
3.	पारिवारिक उद्योग	6830	2171	9001	11.46
4.	अन्य	52411	6696	59107	75.27
योग		**67359**	**11173**	**78532**	**100.00**

(स्रोत– सेन्सस 2001)

4.12 जिलें में गरीबी की स्थिति :–

टोंक जिला गरीबी की दृष्टि से भी पिछड़े हुए जिलों की श्रेणी में आता है। जिलें में कुल परिवारों की संख्या 1,99,501 में से कुल 46,312 परिवार गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करते है जो लगभग 23.21 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 21 प्रतिशत परिवार बी.पी.एल. श्रेणी में है जबकि शहरी क्षेत्रों में लगभग 30 प्रतिशत परिवार बी.पी.एल. की श्रेणी में है। इस प्रकार स्पष्ट है कि शहरी क्षेत्रों में गरीबी का प्रतिशत अधिक है।

जिले में गरीबी के मुख्य कारण निम्न है –

1. कृषि पर निर्भरता एवं भूमि जोतों का असमान वितरण एवं छोटा होना।
2. औद्योगिक पिछड़ापन।
3. अकाल/वर्षा की कमी।
4. रेल सेवा से नही जुड़ना।
5. लोगों में व्यावसायिक जोखिम उठाने का अभाव।
6. रोजगार के अवसरों का अभाव।

जिलें में बी.पी.एल. परिवारों की स्थिति तालिका संख्या 4.12 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लॉकवार एवं शहरी क्षेत्रों में नगर निकायवार गरीबी की स्थिति तालिका संख्या 4.13 एवं 4.14 में दर्शाई गई है। जिसके अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में देवली ब्लॉक एवं शहरी क्षेत्र में टोंक नगर निकाय में अत्यधिक गरीबी है।

तालिका सं. 4.12

जिलें में बी.पी.एल.परिवारों की स्थिति –

क्र.स.	क्षेत्र	जनसख्या	कुल परिवार	बीपीएल परिवार	बीपीएल परिवारों का प्रतिशत
1.	ग्रामीण क्षेत्र	958503	153612	32409	21.09
2.	शहरी क्षेत्र	253168	45889	13903	30.29
योग		**1211671**	**199501**	**46312**	**23.21**

(स्रोत–जिला परिषद टोंक)

तालिका सं. 4.13

जिलें में ग्रामीण क्षेत्र की ब्लॉकवार गरीबी की स्थिति (बी.पी.एल. सर्वे 2002)

क्र.स.	ब्लॉक का नाम	जनसख्या	कुल परिवार	बीपीएल परिवार	बीपीएल परिवारों का प्रतिशत
1.	टोंक	204362	31343	6818	21.75
2.	देवली	169271	30142	9870	32.75
3.	उनियारा	132509	21813	3824	17.53
4.	निवाई	165298	24439	6303	25.79
5.	मालपुरा	176932	27856	3952	14.18
6.	टोड़ारायसिंह	110131	18019	1642	9.11
योग		**958503**	**153612**	**32409**	**21.10**

(स्रोत–जिला परिषद टोंक)

तालिका सं. 4.14

जिलें में शहरी क्षेत्र की निकायवार गरीबी की स्थिति (बी.पी.एल. सर्वे 2007)

क्र.स.	नगर निकाय का नाम	जनसख्या	कुल परिवार	बीपीएल परिवार	बीपीएल परिवारों का प्रतिशत
1.	टोंक	135689	23931	8533	35.65
2.	देवली	20026	4272	1096	25.66
3.	उनियारा	10834	1985	469	23.63
4.	निवाई	38042	6726	1616	24.02
5.	मालपुरा	27360	4467	1084	24.27
6.	टोड़ारायसिंह	21217	4508	1105	24.51
योग		**253168**	**45889**	**13903**	**30.29**

(स्रोत– परियोजना अधिकारी, एस.जे.एस.आई.वाई. टोंक)

4.13 जिलें में आवासीय सुविधा की स्थिति –

4.13.1 आवास की स्थिति एवं सुविधा –

बी.पी.एल. सर्वे 2007 के सर्वेक्षण की रिपोर्ट से ज्ञात होता है कि जिलें में ग्रामीण क्षेत्रों के कुल परिवार 2,08,833 में से 4,569 (2.19 प्रतिशत) परिवार आवासहीन है तथा 1,30,159 (62.33 प्रतिशत) परिवार कच्चे मकानों में निवास करते है। शेष परिवारो के पास पक्के या अर्द्व पक्के आवास है। इस प्रकार स्पष्ट है कि अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 62 प्रतिशत परिवार कच्चे घरो में रह रहे है। श्रेणीवार आवासीय स्थिति का चित्रण तालिका सं. 4.15 में दर्शाया गया है। शहरी क्षेत्रों में तुलनात्मक रूप से पक्के एवं अर्द्व पक्के मकान का प्रतिशत अधिक है।

तालिका सं. 4.15

ग्रामीण क्षैत्र में आवासीय मकानो की दृष्टि से परिवारों का वर्गीकरण (बी.पी.एल. सर्वे 2002)

क्र.स.	मकान का प्रकार	परिवारों की सख्या	प्रतिशत
1.	आवासहीन परिवार	4569	2.19
2.	कच्चे मकान	130159	62.33
3.	अर्द्व पक्के मकान	16637	7.96
4.	पक्के मकान	54999	26.34
5.	आधुनिक सुविधा युक्त मकान	2469	1.18
कुल परिवार		**208833**	**100.00**

(स्रोत–बी.पी.एल.सर्वे,2002)

जनगणना 2001 के अनुसार जिलें में आवासीय स्थिति को देखने पर सम्पूर्ण जिलें में 43.20 प्रतिशत परिवार पक्के घरों में 36.90 प्रतिशत परिवार अर्द्धपक्के घरो में तथा 19.80 प्रतिशत परिवार कच्चे या अस्थाई घरों में निवास करते है।

4.14 जिले में बैंकिंग और ग्रामीण ऋण सुविधा :–

जिले में 10 वाणिज्यिक बैंकों के अलावा क्षैत्रीय ग्रामीण बैंक, केन्द्रीय सहकारी बैंक तथा भूमि विकास बैंक के साथ–साथ राजस्थान वित निगम तथा खादी ग्रामोद्योग संस्था भी कार्यरत है। इनकी जिले में कुल 92 शाखाऐं है।

अप्रेल 1989 में लागु सेवा क्षैत्र योजना के अन्तर्गत जिले के सम्पूर्ण 1153 गॉवों को कार्यरत 92 बैंक शाखाओं के सेवा क्षैत्र से जोडा गया है। इन शाखाओं की ब्लॉकवार स्थिति तालिका संख्या 4.16 में दर्शाई गई है।

तालिका सं. 4.16

जिलें में ब्लॉकवार बैंक शाखाओं का वितरण

क्र.स.	खण्ड का नाम	बैंक की शाखाऐ (संख्या)	शाखाओं के सेवा क्षैत्र में आने वाले कुल गांवो की संख्या
1	टोंक	23	253
2	उनियारा	12	232
3	देवली	16	174
4	मालपुरा	15	155
5	निवाई	17	202
6	टोंडारायसिंह	9	147
योग		**92**	**1153**

(स्रोत–एल.डी.एम.टोंक – वर्ष 2009)

उपरोक्त तालिका सख्या 4.16 से स्पष्ट है कि जिलें के सम्पूर्ण गॉव बैकों के सेवा क्षैत्र से कवर होते है। जिलें में लगभग 13000 जनसंख्या पर एक बैंक शाखा कार्यरत है जो एक सामान्य स्थिति है।

4.14.1 जिलें में कार्यरत बैंकों द्वारा सेक्टर वार उपलब्ध कराई गई ऋण सुविधा की स्थिति–

जिले में कार्यरत बैंक शाखाओं द्वारा लोगो को कृषि, उद्योग एवं व्यावसायिक गतिविधियों के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्ष 2003–04 से 2008–09 तक उपलब्ध कराये गये ऋण का सेक्टरवार विवरण तालिका संख्या 4.17 में दर्शाया गया है।

तालिका सं. 4.17

बैंको द्वारा सेक्टरवार उपलब्ध कराई गई ऋण सुविधा का विवरण

(राशि लाखों में)

वर्ष	सेक्टरवार ऋण सुविधा की स्थिति			
	कृषि एवं संबद्ध गतिविधियां	लघु उद्योग एवं ग्रामीण कामगार	व्यवसाय व अन्य क्षैत्र	योग
2003–04	6595.83	357.47	961.37	7914.67
2004–05	10939.06	264.82	1951.23	13155.11
2005–06	15239.15	1098.14	2196.85	18534.14
2006–07	22760.00	996.00	4065.00	27821.00

2007–08	26227.43	443.32	3801.56	30472.31
2008–09	19766.26	686.53	2955.17	23407.96

(स्रोत–एल.डी.एम.टोंक)

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि जिलें मे वर्ष 2003–04 से बैंक ऋण सुविधा में वर्ष 2007–08 तक लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2008–09 में इसमें कमी आई है, जिसका मुख्य कारण जिला स्तरीय बैंकों की धीमी प्रगति रहा है। साथ ही तालिका से स्पष्ट है कि लघु उद्योगों के लिए ऋण सुविधा में उतार चढाव रहा है।

4.15 गैर कृषि क्षेत्र और उद्यम गतिविधि –

4.15.1 जिलें में औधोगिक विकास की स्थिति :–

टोंक जिला औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े जिलों में शामिल है। जिले मे वृहत एवं मध्यम श्रेणी के मात्र 6 उद्योग है। जिसमे लगभग 2 हजार व्यक्ति नियोजित है। जिले मे वर्तमान में पांच औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये गये है जो निम्नानुसार है– टोंक, निवाई, मालपुरा, देवली, निवाई II डी , निवाई फेज – IIA । जिलें में मार्च 2009 तक पंजीकृत दस्तकारी एवं लघु उद्योगों की संख्या 7867 है, जिनमें 7249.03 लाख रूपयें का विनियोजन एवं 26842 व्यक्ति नियोजित है।

लघु उद्योगों में मुख्य रूप से ऑयल मिल, आटा चक्की, मसाला पिसाई, क्वार्टज पाउडर, स्टोनकटिंग एवं टाईल्स निर्माण, रेडिमेड गारमेन्ट, गलीचा, स्टीलफर्नीचर, वाशिंग सोप, स्टोन ग्रिट, ब्रिक्स निर्माण, रिपेयरिंग वर्कशाप एवं सर्विस सेन्टर, इलेक्ट्रीक एवं इलेक्ट्रोनिक्स, आर.सी.सी. पाईप्स, सीमेन्ट जाली एवं टंकी निर्माण आदि है। तथा दस्तकारी उद्योगों में मुख्य रूप से नमदा बनाना, गलीचा, सूतीदरी, बीडी बनाना, आरी–तारी, देशी जूती बनाना, लकड़ी के कृषि उपकरण, लकड़ी फर्नीचर, मिट्टी पोटरी कार्य, स्टोन मूर्तिया बनाना आदि है।

4.15.2 जिलें में पंजीकृत लघु उद्योग/दस्तकारी ईकाइयों की स्थिति –

जिलें में लगभग 8000 लघु/दस्तकारी औधोगिक इकाईयां पंजीकृत है। इन पंजीकृत ईकाइयों में शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 10 वर्षो में हुई पंजीकृत ईकाइयों की स्थिति तालिका संख्या 4.18 में दर्शाई गई है।

तालिका सं. 4.18

जिलें में पंजीकृत लघु/दस्तकारी औधोगिक ईकाइयों का विवरण

वर्ष	पंजीकृत ईकाइयों की संख्या		
	शहरी क्षेत्र	ग्रामीण क्षेत्र	योग
1998 – 1999	60	115	175
1999 – 2000	78	138	216
2000 – 2001	91	149	240
2001 – 2002	86	148	234

2002 – 2003	64	169	233
2003 – 2004	104	153	257
2004 – 2005	67	220	287
2005 – 2006	130	185	315
2006 – 2007	213	120	333
2007 – 2008	183	177	360

(स्रोत– जिला उधोग केन्द्र टोंक)

जिलें में पंजीकृत लघुउद्योग/दस्तकारी ईकाइयों की स्थिति



विश्लेषण –

उपरोक्त तालिका एवं ग्राफ से स्पष्ट होता है कि जिले में लघुउद्योग/दस्तकारी उद्योगों में निरन्तर वृद्वि हो रही है। लेकिन जहॉ शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में हुई वृद्वि की तुलना करते है तो ग्रामीण क्षेत्र में वर्ष 2004–05 के बाद से पंजीकृत ईकाइयों की संख्या में कमी आई है। जबकि शहरी क्षेत्रों में पंजीकृत ईकाइयो में वृद्वि हुई है। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रो में जनसंख्या दबाव को देखते हुए लघुउद्योग/दस्तकारी उद्योगों की स्थापना एवं विकास पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है।

4.15.3 लघु एवं दस्तकारी उद्योगों में नियोजन की स्थिति –

जिला उद्योग केन्द्र टोंक से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले में वर्ष 2008–09 तक लगभग 26000 लोग लघु/दस्तकार उद्योग में नियोजित है। वर्षवार इस संख्या में वृद्वि हो रही है। गत 10 वर्षो की स्थिति तालिका संख्या 4.19 मे दर्शाई गई है।

तालिका सं. 4.19

जिले में लघु/दस्तकारी उद्योगों में नियोजन की स्थिति –

वर्ष	नियोजन की क्रमागत स्थिति		
	शहरी क्षेत्र	ग्रामीण क्षेत्र	योग
1998 – 1999	9132	6801	15933
1999 – 2000	9532	7431	16963
2000 – 2001	9879	7897	17776
2001 – 2002	10237	8344	18581
2002 – 2003	10495	8909	19404
2003 – 2004	10877	9364	20241
2004 – 2005	11239	10137	21376
2005 – 2006	11694	10679	22373
2006 – 2007	12942	11011	23953
2007 – 2008	13896	11483	25379

(स्रोत–जिला उधोग केन्द्र टोंक)

y?k ,oa nLrdkjh m|kxksa esa fu;ktu dh fLFkfr



विश्लेषण–

उपरोक्त तालिका एवं ग्राफ से स्पष्ट है कि लघु एवं दस्तकारी उद्योगों में लोगों के नियोजन की संख्या में निरन्तर वृद्वि हुई है। लेकिन यह वृद्वि ग्रामीण क्षेत्र में शहरी क्षेत्र की तुलना में कम है। अतः ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी की समस्या एवं जनसंख्या के दबाव को देखते हुए लघु एवं कुटीर उद्योगों के विकास पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है।

4.16 श्रम प्रवास एवं कारीगर समुहों और अनोपचारिक क्षेत्र में श्रमिको की विशेष समस्या –

जिलें में कार्यशील जनसंख्या के विश्लेषण से स्पष्ट हो रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 43 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र में लगभग 31 प्रतिशत जनसंख्या ही कार्यशील है। इसमें भी लगभग 20 प्रतिशत जनसंख्या सीमान्त कार्यशील की श्रेणी में है, जिसे पूर्ण रूप से रोजगार उपलब्ध नहीं हो पाता है। इस तरह स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं होने के कारण लोग जयपुर, दिल्ली, कोटा एवं अन्य बड़े शहरों में काम की तलाश में प्रवास करते है।

जिलें में अनुसूचित जाति वर्ग में निर्माण कारीगर, कुशल एवं बहुतायत में उपलब्ध है। लेकिन स्थानीय स्तर पर पूरे वर्ष का रोजगार उपलब्ध नहीं होने से आस–पास के बडे शहरों में पलायन करना इनकी मजबूरी बन जाती है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अकाल एवं कम वर्षा होने, भूमि जोतों का बंटवारा होने एवं जनसंख्या वृद्वि के कारण बढ़ती हुई बेरोजगारी से लोग काम की तलाश में बडे शहरों की ओर पलायन करते है।

4.17 जिले की आजिविका में सुधार लाने हेतु किये जा रहे सरकारी प्रयासों का विवरण :–

जिलें में आजिविका के स्तर में सुधार लाने के उद्वेश्य से विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है, जिनमें प्रमुख कार्यक्रमों की जानकारी निम्नानुसार है –

1. महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना –

केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले परिवारों को एक वर्ष की अवधि में 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लागू होने के उपरान्त ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सुलभ होने के साथ–साथ गांवों से शहरों की ओर पलायन में भी कमी आई है तथा लोगों की औसत वार्षिक आय में भी वृद्वि के संकेत मिले है। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों मे आधारभूत सुविधाओं के निर्माण कार्य जैसे– सडक निर्माण, जल संरक्षण के कार्य, वन विकास के कार्य आदि कराये जा रहे है।

2. स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना –

ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे बी.पी.एल. परिवारों के सदस्यों को स्वरोजगार के संसाधन उपलब्ध कराये जाने हेतु योजना मद से अनुदान एवं सम्बन्धित क्षेत्र की बैंक शाखा से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। योजना के अन्तर्गत ऐसे पात्र स्वरोजगारियों को कौशल विकास के प्रशिक्षण भी दिये जाते है। साथ ही समूह आधारित आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए स्वयं सहायता समूहो का गठन किया जा कर इन्हे अनुदान एवं ऋण की सुविधा उपलब्ध करवा कर आर्थिक गतिविधियों से जोडा जाता है। योजना जिलें के बी. पी.एल. परिवारों की आजिविका के स्तर में सुधार लाने का एक सफलतम प्रयास सिद्ध हो रही है।

3. पिछडा क्षेत्र अनुदान कोष (बी.आर.जी.एफ.) –

भारत सरकार के माध्यम से चिन्हित पिछड़े जिलों के विकास हेतु पिछड़ा क्षेत्र अनुदान कोष कार्यक्रम वर्ष 2006–07 से प्रारम्भ किया गया है। इस कार्यक्रम में टोंक जिला भी सम्मिलित है। जिलें मे विभिन्न सामाजिक आर्थिक क्षेत्रों के विकास में उपलब्ध अन्तर (GAP) को पूरा करने के लिए अनुदान राशि स्वीकृत की जाती है। जिलें को प्रतिवर्ष लगभग 17 करोड़ रूपये की राशि इस कार्यक्रम में प्राप्त हो रही है। जिसके अन्तर्गत स्वरोजगार हेतु कौशल विकास के प्रशिक्षण एवं विभिन्न आर्थिक सामाजिक क्षेत्रों के आधारभूत विकास कार्य जैसे– विद्यालय भवन, आंगनवाडी केन्द्र भवन, उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन, पशु चिकित्सा केन्द्र भवन, रपटा एवं पुलिया, खेल मैदान आदि कराये जाते है। यह कार्यक्रम भी लोगों की आजीविका के स्तर में सुधार लाने में एक सफलतम प्रयास सिद्ध हो रहा है।

सारांश :–

जिलें में आजीविका के उपरोक्त परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आजीविका के विभिन्न पहलुओं जैसे– कृषि, पशुपालन, औद्योगिक विकास, गरीबी, आदि की जिलें में आदर्श स्थिति नहीं है। कृषि के क्षेत्र में विभागीय प्रयासों से लोगों में कृषि की नवीन तकनीकों को अपनाने की शुरूआत हुई है, जिसके कारण उत्पादन में भी वृद्धि हुई है लेकिन लगातार अकाल और वर्षा की कमी एक बहुत बडी चुनौती बनकर सामने आ रही है। इससे निपटने के लिए लोगों को जल संरक्षण करने, सिचाई के नये तरीके जैसे– फव्वारा सिंचाई, ड्रिप सिंचाई आदि को लागू करने के लिए तैयार करना होगा। इसके लिए जलग्रहण (वाटरशेड) विभाग, सिंचाई विभाग एवं उद्यान विभाग को विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। जिलें में वर्तमान फसल चक्र में भी बदलाव लाकर कम पानी व कम समय में पकने वाली फसलों की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बैंको द्वारा कृषि सेक्टर में उपलब्ध कराई गई साख सुविधाओं में वैसे तो निरन्तर वृद्धि हुई है लेकिन वर्ष 2008–09 में इसमें गिरावट आई है। छोटे एवं मध्यम श्रेणी के किसानो को कृषि के लिए अल्पकालीन एवं मध्यकालीन ऋण की सुविधाओं में भी विस्तार की आवश्यकता है, ताकि लोग अकाल और अन्य विषम परिस्थितियों में कृषि से दूर नही हटें।

जिले में हालांकि वर्ष 2003 की तुलना में 2007 की पशुधन की संख्या में वृद्धि हुई है। लेकिन पशुधन के संवर्द्धन, एवं नस्ल सुधार कार्यक्रम को प्रभावी बनायें जाने की आवश्यकता है। जिसके कारण पशुधन से प्राप्त होने वाले उत्पादों यथा दूध, ऊन, मांस, अण्डा, आदि में वृद्धि हो सके और पशुधन लोगों की आजीविका में अधिक मददगार हो सकें।

गैरकृषि क्षैत्रों में आजीविका की दृष्टि से लघु एवं दस्तकारी उद्योगों को बढावा देने की अधिक आवश्यकता है। वर्तमान में जिलें की कार्यशील जनसंख्या में मात्र 3.68 प्रतिशत लघु एवं दस्तकारी उद्योगो में नियोजित है। इस सम्बन्ध में युवाओं एवं महिलाओं को स्थानीय स्तर पर सम्भावित ट्रेड्स में प्रशिक्षित किया जा कर लघु एवं दस्तकारी उद्योगों को बढावा देने की अधिक आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों से बढ़ते हुए पलायन को भी इस ओर विशेष प्रयास किये जाकर कम किया जा सकता है।

केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार के कार्यक्रमों को लक्ष्य आधारित न बनाया जाकर आवश्यकता आधारित बनाये जाने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराये जा सकें।

v/;k; & 5

ftyk esa tsUMj dh fLFkfr

5-1 ftyk esa ySafxd fHkUurk &

जिलें में लैंगिक भिन्नता की दृष्टि से जिलें का लिंगानुपात 934 है, जो राजस्थान राज्य के लिंगानुपात 921 की तुलना में तो ठीक है लेकिन जिले में 1000 पुरूषो के पिछे 66 महिलाओं की कमी को अच्छी स्थिति भी नहीं कहा जा सकता है। जिलें में इस अन्तर के मुख्य कारण मातृ मृत्यु दर का अधिक होना, कन्या भ्रूण हत्या होना, बालिका शिशु मृत्यु दर अधिक होना, दहेज या अन्य पारिवारिक कारणों से महिलाओं की हत्याएं/आत्महत्याएं होना आदि रहे है।

जिले में ग्रामीण–शहरी क्षेत्र एवं ब्लॉकवार लिंगानुपात की स्थिति को तालिका सख्या 5.1 एवं 5.2 में दर्शाया गया है ।

तालिका सं. 5.1

जिलें में लिंगानुपात की स्थिति (2001)

क्र.स.	क्षैत्र	जनसंख्या			लिंगानुपात
		पुरूष	महिला	योग	
1.	ग्रामीण	496092	462411	958503	932
2.	शहरी	130344	122824	253168	942
योग		**626436**	**585235**	**1211671**	**934**

तालिका सं. 5.2

जिलें में ब्लॉकवार लिंगानुपात की स्थिति

क्र.स.	ब्लॉक	लिंगानुपात – 1991			लिंगानुपात – 2001		
		ग्रामीण	शहरी	कुल	ग्रामीण	शहरी	कुल
1.	टोंक	914	934	922	932	931	932
2.	देवली	919	776	902	932	854	924
3.	उनियारा	911	917	911	916	945	918
4.	निवाई	939	906	934	919	1048	942
5.	मालपुरा	932	923	931	944	932	943
6.	टोंडारायसिंह	944	938	943	951	933	946
जिला			**914**	**927**	**932**	**942**	**934**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जिलें में ब्लॉक देवली एवं उनियारा में लिगांनुपात जिलें के औसत से भी कम हैं। ब्लॉक टोडारायसिंह का लिगांनुपात जिलें में सर्वाधिक हैं, यह ब्लॉक 1991 की जनसख्या के अनुसार भी सर्वाधिक लिगांनुपात वाला ब्लॉक रहा हैं।

5.2 जिलें में महिला साक्षरता एवं बालिका नामांकन की स्थिति :–

टोंक जिला महिला साक्षरता की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है। यहॉ महिला साक्षरता मात्र 32.15 प्रतिशत है जो राज्य की महिला साक्षरता दर 43.90 की तुलना में बहुत कम है। इसमें भी यदि ग्रामीण क्षेत्र की बात करे तो मात्र 25.66 प्रतिशत महिलाएं साक्षर है। इस प्रकार पुरूषो की तुलना में महिलाओं की साक्षरता दर काफी कम है। इसके मुख्य कारण हमारी सामाजिक परम्पराएं, पुरूष प्रधान समाज, कमजोर आर्थिक स्थिति की दशा में लड़के को पहली प्राथमिकता देना आदि रहे है, जो जेण्डर असमानता के जीते जागते उदाहरण है।

जिले में महिला पुरूषो में साक्षरता का ग्रामीण–शहरी एवं ब्लॉकवार तुलनात्मक विवरण तालिका सख्या 5.3 एवं 5.4 में दर्शाया गया है ।

तालिका सं. 5.3

जिलें में साक्षरता की स्थिति

क्र.स.	क्षैत्र	साक्षरता दर		
		कुल	महिला	पुरूष
1.	ग्रामीण	47.52	25.66	67.90
2.	शहरी	68.51	56.03	80.32
योग		**51.97**	**32.15**	**70.52**

तालिका सं. 5.4

जिलें में ब्लॉकवार साक्षरता की स्थिति

क्र.स.	ब्लॉक	साक्षरता दर		
		कुल	महिला	पुरूष
1.	टोंक	52.44	33.61	70.00
2.	देवली	49.60	28.57	69.01
3.	उनियारा	48.00	24.94	69.27
4.	निवाई	55.81	37.77	73.63
5.	मालपुरा	50.46	31.11	68.68
6.	टोडारायसिंह	54.94	35.40	73.55
जिला		**52.39**	**32.30**	**71.25**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जिलें में ब्लॉक देवली एवं उनियारा में महिला साक्षरता दर क्रमशः 28.57 एवं 24.94 प्रतिशत हैं, जो जिलें की औसत महिला साक्षरता दर से भी काफी कम हैं। इसी प्रकार जिलें में पुरूष एवं महिला साक्षरता दर में भी काफी अन्तर हैं जो शिक्षा के क्षेत्र में जेण्डर भिन्नता दर्शाता हैं।

5.3 नामांकन की स्थिति :–

टोंक जिले में विद्यालयो में कक्षा 1 से 8 तक के कुल नामांकित 2,44,827 विद्यार्थियो में छात्राओं की संख्या 1,09,626 हैं जो कुल नामांकन का 44.77 प्रतिशत है। तथा छात्रों की तुलना में छात्राओं का प्रतिशत 81 है। जबकि यह स्थिति लगभग बराबर होनी चाहिए। इसके मुख्य कारण सामाजिक परम्पराएं, परिवारो की आर्थिक तंगी, विद्यालय नही होना या विद्यालय दूर होना आदि रहे है। इस प्रकार टोंक जिलें में नामांकन में भी जेण्डर असमानता की स्थिति परिलक्षित होती है। जिलें में ब्लॉकवार नामांकन की तुलनात्मक स्थिति का विवरण तालिका सख्या 5.5 में दर्शाया गया हैं।

तालिका सं. 5.5

जिले में ब्लॉकवार नामांकन की तुलनात्मक स्थिति

क्र.स.	ब्लॉक	प्राथमिक कक्षाओं में नामांकन			उच्च प्राथमिक कक्षाओं में नामांकन		
		छात्र	छात्रा	जेण्डर गेप	छात्र	छात्रा	जेण्डर गेप
1	टोंक	24310	22344	**8.09**	10530	7180	**31.81**
2	निवाई	16236	14210	**12.48**	8578	5183	**39.58**
3	मालपुरा	14218	13139	**7.59**	6898	4559	**33.91**
4	टोडारायसिंह	9450	8610	**8.89**	4345	2843	**34.57**
5	देवली	14983	12859	**14.18**	7632	4763	**37.59**
6	उनियारा	12434	10963	**11.83**	5587	2973	**46.79**
योग		**91631**	**82125**	**10.37**	**43570**	**27501**	**36.88**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जिलें में प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर जेण्डर गेप 10.37 का है वह बढ़कर उच्च प्राथमिक स्तर पर 36.88 तक पंहुचता हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि उच्च कक्षाओं में छात्राओं की सख्या में निरन्तर गिरावट देखने को मिलती हैं। जिलें में प्राथमिक स्तर पर ब्लॉक देवली एवं निवाई में सर्वाधिक जेण्डर गेप पाया जाता है वहीं उच्च प्राथमिक स्तर पर ब्लॉक उनियारा एवं निवाई में सर्वाधिक जेण्डर गेप पाया जाता हैं।

5.4 कार्यो में महिलाओं की भागीदारी :–

टोंक जिलें में वर्ष 2001 की जनगणना अनुसार कुल कार्यशील जनसंख्या 5,32,628 है, जो कुल जनसंख्या का 43 प्रतिशत है। इसमें महिलाओं की संख्या 2,23,997 है जो कुल कार्यशील जनसंख्या का 42 प्रतिशत है जो एक सामान्य स्थिति है लेकिन शहरी क्षेत्रों की कुल कार्यशील जनसंख्या 78,532 में महिलाओं की संख्या 19,058 है जो मात्र 24 प्रतिशत है। इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में धनार्जन करने वाले कार्यो में महिलाओं की बहुत कम भागीदारी है। जो जिलें की शहरी अर्थव्यवस्था में जेण्डर असमानता को दर्शाता है। जिलें में कार्यशील जनसख्या का ब्लॉकवार महिला पुरूषों की तुलनात्मक स्थिति का विवरण तालिका सख्या 5.6 में दर्शाया गया हैं।

तालिका सं. 5.6

जिले में कार्यशील जनसंख्या की ब्लॉकवार महिला–पुरूषो की तुलनात्मक स्थिति

क्र.स.	ब्लॉक	कुल जनसंख्या		कुल कार्यशील जनसंख्या		कार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत	
		पुरूष	महिला	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला
1.	टोंक	176014	164037	83786	55364	48.67	34.70
2.	देवली	98391	90906	50957	36640	51.79	40.30
3.	उनियारा	74717	68626	37169	31011	49.74	45.18
4.	निवाई	104731	98609	51852	40275	49.50	40.84
5.	मालपुरा	105162	99130	51189	34399	48.67	34.70
6.	टोंडारायसिंह	67421	63927	33752	26308	50.06	41.15
जिला		626436	585235	308685	223997	49.27	38.27

5-5 iapk;rh jkt laLFkkvksa esa efgykvksa dh Hkkxhnkjh %&

जिलें में पंचायती राज संस्थाओं में एक जिला परिषद, 6 पंचायत समितियां एवं 230 ग्राम पंचायते है। भारतीय संविधान के 73 वें संशोधन के बाद 1995 से पंचायती राज संस्थाओं में सभी स्तरों पर महिलाओं की कम से कम एक तिहाई भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जिलें में पंचायती राज संस्थाओं में (पंचायत चुनाव 2005 के अनुसार) महिलाओं की स्थिति निम्नानुसार है –

तालिका सं. 5.7

क्र.स.	विवरण	कुल सदस्य	महिला सदस्य
1.	प्रधान पंचायत समिति	6	3
2.	पंचायतसमिति सदस्य	122	48
3.	जिला परिषद सदस्य	25	9
4.	सरपंच	231	76
5.	वार्ड पंच	2451	820
कुल योग		**2835**	**956**

ग्रामीण क्षेत्रों के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों में नगर निकायो में महिलाओं की भागीदारी सुनिशिचित करने के लिए शहरी नगर निकायों के लिए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में भी एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित किये गये है।

उपरोक्त स्थिति से स्पष्ट है कि जिलें में पंचायती राज संस्थाओं के कुल निर्वाचित 2835 पदों मे से 956 पदों पर महिलाएं निर्वाचित होकर विभिन्न स्तरों पर अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रही है। पंचायती राज संस्थाओं के क्रिया कलापो में, निर्णय लेने में अब महिलाएं सक्षम हुई है। इसके परिणाम स्वरूप आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से भी महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है।

5.6 महिलाओं और लड़कियों को प्रभावित करने वाले सामुदायिक व्यवहार और सामाजिक पूर्वाग्रह :–

सामुदायिक व्यवहार एवं सामाजिक परम्पराओं की दृष्टि से टोंक जिलें में महिलाओं और लड़कियों की स्थिति राज्य के अन्य जिलों के समान ही देखने को मिलती है। यहां ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के अभाव एवं सामाजिक परम्पराओं के कारण आज भी पुत्र को वंश चलाने वाला, परिवार का नाम रोशन करने वाला आदि से अलंकृत करके पुत्री की तुलना में अधिक महत्व दिया जाता है, जबकि लड़की के जन्म पर मायूसी छा जाती है।

जिलें में ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं कृषि कार्यो में पुरूषों का बराबर साथ देती है, पशुधन के पालन–पोषण में महिलाओं की विशेष भूमिका रहती है, सरकार द्वारा चलाये जाने वाले रोजगार सृजन के कार्यक्रमों जैसे नरेगा, अकालराहत, जलग्रहण, आदि में लगभग 80–85 प्रतिशत महिला श्रमिक काम करती है। इस प्रकार विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार की अर्थव्यवस्था में महिला की बहुत महत्ती भूमिका होती है लेकिन यहां की सामाजिक और रूढिवादी परम्पराओं के कारण आज भी परिवार के निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी नगण्य

है। स्वयं द्वारा अर्जित किये गये धन के खर्च करने के लिए भी उसे पूरी स्वतन्त्रता नहीं है। उसके द्वारा किये गये कार्य का सही मूल्यांकन नही किया जाता है।

जिले के शहरी क्षेत्रो में गरीब एवं अशिक्षित वर्गो में महिलाओं एवं लड़कियो की स्थिति कमोबेश ग्रामीण क्षेत्रों की तरह ही देखने को मिलती है, लेकिन शिक्षित एवं सम्पन्न वर्गो में महिलाओं एवं लड़कियो की स्थिति में काफी सुधार देखने को मिलता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, व्यवसाय आदि में महिला–पुरूष का भेदभाव कम हुआ है।

5.7 ग्रामीण महिलाओं एवं शहरी महिलाओं की कार्यो में भूमिकाएं :–

सेन्सस 2001 के अनुसार जिले की कार्यशील जनसंख्या में महिलाओं की भागीदारी ग्रामीण क्षेत्रों मे 45 प्रतिशत है जबकि शहरी क्षेत्रों में मात्र 24 प्रतिशत है। इस तथ्य से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर कृषि एवं मजदूरी कार्यो में महिलाओं का विशेष योगदान है। शहरी क्षेत्रों में महिलाएं विभिन्न सेवा क्षेत्रों, मजदूरी, लघु एवं कुटीर उद्योगों आदि में कार्यशील है। शहरी क्षेत्रों में मात्र 24 प्रतिशत महिलाएं कार्यशील होने से स्पष्ट है कि शहरी अर्थव्यवस्था में महिलाओं का योगदान काफी कम है। इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में महिला साक्षरता अधिक होने व स्वरोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध होने के कारण लघु एवं दस्तकारी क्षेत्रों एवं व्यापार गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने की प्रबल सम्भावनाएं है। अतः शहरी क्षेत्रो में स्वरोजगार के विभिन्न कार्यक्रमों में महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा कर अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी बढ़ाई जा सकती है।

5.8 महिलाओं की भूमिका और स्वयं सहायता समूह :–

स्वयं सहायता समूह की अवधारणा लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में बदलाव लाने का एक क्रान्तिकारी प्रयास है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जहां लोगों में बचत करने की आदत डलती है वही उनमें एकता, अनुशासन, बैंकिग प्रक्रिया और धीरे – धीरे छोटी–छोटी व्यापारिक एवं उत्पाद गतिविधियां प्रारम्भ करने की समझ बढ़ती है। टोंक जिलें में इस ओर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला परिषद एवं पंचायत समितियों तथा नगर निकायो द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिला परिषद/पंचायत समितियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) के अन्तर्गत बी.पी.एल. परिवारों के सदस्यों के समूह गठित कर उन्हें बैंको के माध्यम से ऋण एवं अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही शहरी क्षेत्रों में स्वर्णजयन्ती शहरी रोजगार योजना (SJSRY) के अन्तर्गत नगर निकायों द्वारा बी.पी.एल. परिवारो के सदस्यों के समूह गठित कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाकर बैंकों के माध्यम से ऋण एवं अनुदान उपलब्ध कराया जाता है।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष रूप से महिला सदस्यों के ही स्वयं सहायता समूह गठित कर उन्हें बैंकों से लिंकेज कराने व ऋण आदि में उनकी सहायता करने का कार्य किया जा रहा है।

जिला मानव विकास प्रतिवेदन तैयार करने हेतु गठित जिला स्तरीय दल

1.	जिला कलेक्टर, टोंक	–	अध्यक्ष
2.	आयुक्त नगर परिषद्, टोंक	–	सदस्य
3.	प्रधान, पंचायत समिति, देवली	–	सदस्य
4.	प्रधान, पंचायत सतिति, मालपुरा	–	सदस्य
5.	अध्यक्ष, नगर पालिका, उनियारा	–	सदस्य
6.	श्री नरेश मीणा, सदस्य, स्थाई समिति, जिला परिषद्, टोंक	–	सदस्य
7.	श्री किशन लाल फगोडिया, सदस्य, स्थाई समिति, जि. प. टोंक	–	सदस्य
8.	श्री रामकरण गुजर, सदस्य, स्थाई समिति, जिला परिषद्, टोंक	–	सदस्य
9.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, टोंक	–	सदस्य
10.	अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, टोंक	–	सदस्य
11.	उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, टोंक	–	सदस्य
12.	जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक), टोंक	–	सदस्य
13.	जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक), टोंक	–	सदस्य
14.	जिला समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान, टोंक	–	सदस्य
15.	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, टोंक	–	सदस्य
16.	परियोजना प्रबन्धक, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, टोंक	–	सदस्य
17.	लीड़ बैंक अधिकारी, टोंक	–	सदस्य
18.	उप निदेशक, कृषि विभाग, टोंक	–	सदस्य
19.	महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, टोंक	–	सदस्य
20.	प्रबन्धक, राजस्थान आजिविका मिशन एवं कौशल, टोंक	–	सदस्य
21.	आयोजना विभाग/आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के तकनीकी विशेषज्ञ	–	सदस्य
22.	मुख्य आयोजना अधिकारी, टोंक	–	सदस्यसचिव

परिशिष्ठ–'ब'

–: तालिकाओं का विवरण :–

क्र. सं.	विवरण	तालिका संख्या	पृष्ठ सं.
1	जिले में भूमि का प्रकार एवं क्षैत्र का विवरण (वर्ष 2009)	1.1	5
2	जिले में पं.स.एवं ग्राम पंचायतों का विवरण (वर्ष 2009)	1.2	6
3	जिले में नगर निकायों का जनसंख्यावार विवरण (वर्ष 2009)	1.3	6
4	जिले में राजस्व प्रशासन ईकाइयों का विवरण (वर्ष 2009)	1.4	7
5	जिले में जनसंख्या का ब्लॉकवार एवं वर्गवार विवरण (वर्ष 2001)	1.5	8
6	जिले में वर्गवार साक्षरता प्रतिशत (2001)	2.1	10
7	जिलें की राज्य एवं देश से तुलनात्मक स्थिति (2001)	2.2	10
8	जिलें में साक्षरता की दशकीय वृद्वि दर की स्थिति	2.3	12
9	टोंक जिलें की साक्षरता स्थिति ब्लॉकवार	2.4	12
10	टोंक जिलें की साक्षरता स्थिति ग्रामीण व शहरी	2.5	12
11	जिले मे शैक्षिक संस्थाओ का विवरण (वर्ष 2009)	2.6	13
12	जिले में ब्लॉकवार विद्यालयों का विवरण (वर्ष 2009)	2.7	14
13	ब्लॉकवार निजी विद्यालयो की संख्या (वर्ष 2009)	2.8	14
14	जिलें में व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षण संस्थाओं की संख्या (वर्ष 2009)	2.9	15
15	जिले में छात्र शिक्षक अनुपात एवं ठहराव की स्थिति (वर्ष 2009)	2.10	15
16	जिलें में कक्षा 1 से 8 तक के नामांकन का वर्गवार विवरण	2.11	16
17	जिलें में कक्षा 9 से 12 तक के नामांकन का वर्गवार विवरण	2.12	16
18	जिलें में नामांकन में जेण्डर विभाग की स्थिति (वर्ष 2008–09)	2.13	17
19	जिले में ड्रोप आउट एवं ठहराव की स्थिति	2.14	18
20	आउट ऑफ स्कूल बच्चो की संख्या	2.15	18
21	जिले में विद्यालयों द्वारा प्राप्त उपलब्धि स्तर का विवरण	2.16	27
22	जिले में संचालित कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालयों का विवरण	2.17	29
23	कक्षा 9 से 12 टोंक जिले में नामांकन राजकीय व निजी विद्यालय एवं छात्र शिक्षक अनुपात	2.18	30
24	माध्यमिक विद्यालयो में रिक्त पदो की स्थिति (वर्ष 2009)	2.19	31
25	साक्षरता कार्यक्रम एक दृष्टि में (30 जून 2009 तक की स्थिति)	2.20	32
26	लाभान्वित विद्यालयों एवं नामाकित विधार्थियों का ब्लॉकवार विवरण (वर्ष 2009) (मिड डे मिल)	2.21	33
27	जिले के विद्यालयो मे रसोई घर निर्माण की स्थिति (वर्ष 2009)	2.22	33
28	जिले में स्वास्थ्य सूचकांको की तुलनात्मक स्थिति	3.1	36
29	जिलें में कार्यरत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संस्थाओं का ब्लॉकवार विवरण	3.2	37
30	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधा के लिए दूरी के आधार पर गॉव का विवरण	3.3	38
31	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वीकृत व कार्यरत स्टॉफ का विवरण	3.4	39
33	निजी सेवा प्रदाता संस्थाओं का विवरण –	3.5	40
34	निजी अस्पताल पर होने वाले संस्थागत प्रसव का विवरण	3.6	41
35	ब्लॉकवार संस्थागत प्रसव की प्रगति (वर्ष 2008–09)	3.7	43
36	टोंक जिले में वर्षवार टीकाकरण की स्थिति (2003–04 से 2008–09)	3.8	47
37	दम्पत्ति सुरक्षा दर (C.P.R)	3.9	52
38	परिवार नियोजन साधनों की प्रगति का विवरण	3.10	53

39	ब्लॉक वाईज परिवार नियोजन साधनों की स्थिति का ब्योरा वर्ष 2008–2009	3.11	54
40	आयु के अनुसार महिलाओं में नसबन्दी और आयूडी की स्वीकार्यता	3.12	54
41	जीवित बच्चो के अनुसार महिलाओं में नसबन्दी और आयूडी की स्वीकार्यता की स्थिति	3.13	55
42	धर्म के अनुसार महिलाओं में नसबन्दी और आयूडी की स्वीकार्यता	3.14	55
43	जाति के अनुसार महिलाओं में नसबन्दी और आयूडी की स्वीकार्यता	3.15	56
44	जिले में गत वर्षो में परिवार कल्याण कार्यक्रम के लक्ष्य एवं उपलब्धि का विवरण	3.16	57
45	एनएफएचएस II के अनुसार ज्ञात परिणामों के अनुसार प्रजनन दर	3.17	59
46	जिले की राज्य एवं देश में पहले बच्चे के समय महिला की औसत आयु की तुलनात्मक स्थिति	3.18	60
47	जिले में भूमि उपयोग का विवरण	4.1	73
48	जिले में वर्ष 2000–01 से 2007–08 तक के उत्पादन एवं बोये गये क्षेत्रफल का विवरण (खरीफ)	4.2	75
49	जिले में वर्ष 2000–01 से 2007–08 तक के उत्पादन एवं बोये गये क्षेत्रफल का विवरण (रबी)	4.3	75
50	खरीफ व रबी की फसलो का वर्ष 2000–01 से 2007–08 तक कुल उत्पादन/क्षेत्रफल	4.4	76
51	वर्ष 2000–01 से वर्ष 2007–08 का सिंचित क्षेत्रफल	4.5	78
52	जिलें में आजीविका से जुडे मुख्य पशुधन की वर्तमान स्थिति	4.6	79
53	जिलें में ब्लाकवार पशुधन की स्थिति	4.7	79
54	जिले में पशु चिकित्सा सुविधा का विवरण	4.8	80
55	व्यवसायानुसार कार्यशील जनसंख्या वर्ष 2001	4.9	80
56	ब्लॉक वार कार्यशील जनसंख्या का विवरण	4.10	81
57	शहरी क्षैत्रों में कार्यशील जनसख्या का विवरण वर्ष 2001	4.11	82
58	जिलें में बी.पी.एल.परिवारों की स्थिति	4.12	83
59	जिलें में ग्रामीण क्षेत्र की ब्लॉकवार गरीबी की स्थिति (बी.पी.एल. सर्वे 2002)	4.13	83
60	जिलें में शहरी क्षेत्र की निकायवार गरीबी की स्थिति (बी.पी.एल. सर्वे 2007)	4.14	84
61	आवासीय मकानो की दृष्टि से परिवारों का वर्गीकरण (बी.पी.एल. सर्वे 2002)	4.15	84
62	जिले में बैंक शाखाओं की खण्डवार स्थिति	4.16	85
63	जिले में कार्यरत बैंको द्वारा सेक्टर वार उपलब्ध कराई गई ऋण सुविधा की स्थिति	4.17	85
64	जिलें में पंजीकृत लघुउद्योग /दस्तकारी ईकाइयों की गत 10 वर्षो की स्थिति	4.18	86–87
65	लघु एवं दस्तकारी उद्योगों में नियोजन की क्रमागत स्थिति	4.19	88
66	जिले में लिंगानुपात की स्थिति (2001)	5.1	91
67	जिले में ब्लॉकवार लिंगानुपात की स्थिति	5.2	91
68	जिले में साक्षरता की स्थिति (महिला पुरुष की तुलना)	5.3	92
69	जिले में ब्लॉकवार साक्षरता की स्थिति (महिला पुरुष की तुलना)	5.4	92
70	जिले में ब्लॉकवार नामांकन की तुलनात्मक स्थिति	5.5	93
71	जिले में कार्यशील जनसंख्या की ब्लॉकवार महिला – पुरूषो की तुलनात्मक स्थिति	5.6	93
72	जिलें में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की स्थिति	5.7	94

ब्लॉकवार विभिन्न सूचकों की स्थिति – जिला टोंक

क्र. स.	नाम ब्लॉक	जनसंख्या	क्षेत्रफल (वर्ग कि.मी.)	ग्राम पंचायतों की संख्या	ग्रामों की संख्या	लिंगानुपात	अनु. जाति जनसंख्या का प्रतिशत	अनु. जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत	जनसंख्या घनत्व (प्र.व.कि.मी)	पशुधन का घनत्व (प्र.व. कि.मी)	साक्षरता दर			विद्यालयों की संख्या (प्राथमिक स्तर)	विद्यालयों की संख्या (उ.प्राथ. स्तर)	विद्यालयों की संख्या (माध्यमिक स्तर)	प्रति विद्यालय जनसंख्या भार (प्राथमिक स्तर)
											कुल	पुरूष	स्त्री				
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
1	टोंक	340051	1423	50	270	928	19.80	6.84	237	193	52.44	70.00	33.61	180	187	68	1889
2	देवली	189297	1235	39	186	924	19.12	19.89	152	155	49.60	69.01	28.57	152	87	46	1245
3	उनियारा	143343	985	33	223	918	16.53	25.68	145	144	48.00	69.27	24.94	181	66	34	792
4	निवाई	203340	1063	41	210	942	20.51	15.86	189	216	55.81	73.63	37.77	207	120	46	982
5	मालपुरा	204292	1468	36	161	943	18.90	3.37	137	242	50.46	68.68	31.11	156	128	52	1310
6	टोंडारायसिंह	131348	1020	31	148	948	19.44	6.86	126	152	54.94	73.55	35.40	115	61	37	1142
जिला		**1211671**	**7194**	**230**	**1198**	**934**	**19.24**	**12.04**	**168**	**170**	**52.00**	**70.52**	**32.15**	**991**	**649**	**283**	**1223**

ब्लॉकवार विभिन्न सूचकों की स्थिति – जिला टोंक

क्र.स.	नाम ब्लॉक	प्रति विद्यालय जनसंख्या भार (उ.प्राथ. स्तर)	प्रति विद्यालय जनसंख्या भार (माध्यमिक स्तर)	शिक्षक छात्र अनुपात (कक्षा 1–8)	ठहराव दर	जेण्डर गेप (कक्षा 1–8)	चिकित्सा संस्थाओं की संख्या (CHC+PHC+SC)	प्रति चिकित्सा संस्था जनसंख्या भार	संस्थागत प्रसव का प्रतिशत	कार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत	गरीबी का प्रतिशत (बी.पी. एल. परिवारो के आधार पर)		बैंक शाखाओं की संख्या	जनसंख्या भार प्रति बैंक शाखा
											शहरी	ग्रामीण		
		19	20	21	22	23	24	25	26	27	28	29	30	31
1	टोंक	1818	5001	20.33	68.92	15.26	91	3737	71.02	40.91	35.65	21.75	23	14785
2	देवली	2176	4115	23.41	71.70	22.08	47	4028	68.73	46.27	25.66	32.75	16	11831
3	उनियारा	2172	4216	23.64	72.26	22.67	41	3496	27.42	47.56	23.63	17.53	12	11945
4	निवाई	1695	4420	24.65	75.93	21.85	48	4236	69.66	45.30	24.02	25.79	17	11961
5	मालपुरा	1596	3929	20.07	68.58	16.19	41	4983	88.79	41.89	24.27	14.18	15	13619
6	टोंडारायसिंह	2153	3550	20.64	75.78	16.98	35	3753	33.99	45.73	24.51	9.11	9	14594
जिला		**1867**	**4282**	**21.88**	**72.19**	**18.92**	**303**	**3999**	**64.17**	**43.96**	**30.29**	**21.10**	**92**	**13170**